दिन– मंगलवार दिनांक– 30 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में विकसित भारत की ओर यात्रा सम्मेलन के उद्‌घाटन सत्र को संबोधित करेंगे।

02. दिल्ली में एक कोचिंग संस्थान में तीन छात्रों की मौत के बाद पटना जिले में संचालित कोचिंग संस्थानों की होगी जांच। जिला प्रशासन ने अनुमंडल पदाधिकारियों के नेतृत्व में छह समितियों का किया गठन।

03. भाजपा ने पश्चिम चंपारण के सांसद डॉ. संजय जायसवाल को लोकसभा में सत्तारूढ़ दल का मुख्य सचेतक बनाया। दरभंगा के सांसद गोपाल जी ठाकुर बनाए गए सचेतक।

04. और, प्रदेश में अब तक सामान्य से पैंतीस प्रतिशत कम बारिश। धान सहित अन्य खरीफ फसलों की खेती प्रभावित।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में भारतीय उद्योग परिसंघ–सीआईआई की ओर से आयोजित विकसित भारत की ओर यात्रा सम्मेलन के उद्‌घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। इस सम्मेलन का उद्देश्य उद्योग की भूमिका और विकास के लिए सरकार के व्यापक दृष्टिकोण के प्रति एक रूपरेखा पेश करना है। सम्मेलन में उद्योग, सरकार, राजनयिक समुदाय और थिंकटैंक के एक हजार से अधिक भागीदार शामिल होंगे, जबकि देश और विदेश के बहुत से भागीदार विभिन्न सीआईआई केन्द्रों से जुड़ेंगे।

---

गृह मंत्रालय ने दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर में सिविल सेवा अभ्यर्थियों की मौत के मामले की जांच के लिए एक समिति का गठन किया है। यह समिति हादसे के कारणों की जांच करेगी, जिम्मेदारी तय करेगी, उपाय सुझाएगी और नीति में बदलाव की सिफारिश करेगी। मंत्रालय ने बताया कि समिति में शहरी मामलों के मंत्रालय के अपर सचिव, दिल्ली सरकार के प्रधान सचिव, दिल्ली पुलिस के विशेष सीपी, अग्निशमन सलाहकार और अन्य शामिल होंगे। यह समिति तीस दिन में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। इधर, दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कोचिंग संस्थान में जान गंवाने वाले छात्रों के परिवारों को दस–दस लाख रूपये की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की है।

---

पटना जिला प्रशासन ने जिले में चल रहे कोचिंग संस्थानों की जांच का आदेश दिया है। जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि जिले में छोटे–बड़े बीस हजार से अधिक कोचिंग संस्थान संचालित हैं। इनकी जांच के लिए अनुमंडल पदाधिकारियों के नेतृत्व में छह टीम गठित की गयी है। टीम में संबंधित नगर निकाय के कार्यपालक पदाधिकारी, प्रखंड या अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी और अग्निशमन पदाधिकारी शामिल किये गये हैं। यह टीम दो सप्ताह के अंदर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि तय मानक के अनुसार संचालित नहीं होने वाले कोचिंग संस्थानों को तत्काल बंद किया जाएगा। दिल्ली के एक कोचिंग संस्थान में हुए हादसे में तीन छात्रों की मौत की घटना के बाद पटना जिला प्रशासन ने यह आदेश दिया है।

---

झारखंड में चक्रधरपुर रेलवे मंडल के अंतर्गत पोटोबेड़ा गांव के पास बड़ाबाम्बो और खरसावा रेलवे स्टेशन के बीच आज सुबह हावड़ा–मुंबई मेल की अठारह बोगियां पटरी से उतर जाने से कई यात्री घायल हो गये। दुर्घटनाग्रस्त ट्रेन हावड़ा से छत्रपति शिवाजी टर्मिनस जा रही थी। चक्रधरपुर मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य कुमार चौधरी ने बताया कि घायल यात्रियों को स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। दुर्घटनास्थल पर राहत ट्रेन पहुंच गई है। राहत और बचाव कार्य जारी है।

---

भाजपा ने पश्चिम चंपारण के सांसद डॉ. संजय जायसवाल को लोकसभा में सत्तारूढ़ दल का मुख्य सचेतक बनाया है। वहीं, दरभंगा के सांसद गोपाल जी ठाकुर को सचेतक बनाया गया है। पार्टी संसदीय दल की सूचना के बाद लोकसभा सचिवालय की ओर से इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है।

---

भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने पटना में पदभार ग्रहण करने के बाद देर रात नई दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच बिहार भाजपा को और मजबूत करने तथा अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा हुई। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष से मार्गदर्शन मिला है।

उन्होंने बताया कि आज पटना में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों और मंच–प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों के साथ बैठक है। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले निर्देशों के कार्यान्वयन को लेकर मुख्य रूप से चर्चा होगी।

———————————————————

मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित नीट–यूजी परीक्षा के सफल अभ्यर्थियों की काउंसलिंग चौदह अगस्त से होगी। मेडिकल काउंसलिंग कमिटी ने इस संबंध में सूचना जारी कर दी है। काउंसलिंग के जरिए देश के सात सौ दस मेडिकल कॉलेज की एक लाख दस हजार एमबीबीएस सीटों का आवंटन किया जाएगा। इसके अलावा बीडीएस की इक्कीस हजार सीटों के साथ ही आयुष और नर्सिंग के सीटों का भी आवंटन होगा।

———————————————————

नीट यूजी कथित पेपर लीक मामले में सीबीआई ने मुम्बई से एक और आरोपी रौनक राज को गिरफ्तार किया है। उस पर परीक्षा का प्रश्न पत्र हल करने का आरोप है। गिरफ्तारी के बाद उसे कल पटना स्थित सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया गया। जांच एजेंसी की अर्जी पर अदालत ने उसे दो अगस्त तक के लिए सीबीआई को रिमांड पर सौंप दिया।

———————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने एक नाबालिग लड़की से दो वर्ष तक दुष्कर्म मामले में पूर्व मंत्री वृषिण पटेल को किसी तरह की राहत देने से इनकार कर दिया है। हाईकोर्ट में वृषिण पटेल ने निचली अदालत द्वारा उनके खिलाफ जारी समन को चुनौती दी थी। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति संदीप कुमार की एकलपीठ ने कहा कि ऐसी अर्जी को खारिज किया जाना चाहिए। इस पर उनके वकील ने अर्जी वापस ले ली। पूर्व मंत्री पर आरोप है कि उन्होंने मुजफ्फरपुर की एक नाबालिग बच्ची को नौकरी के नाम पर पटना बुलाया और दो वर्षों तक दुष्कर्म किया।

———————————————————

पटना स्थित निगरानी की विशेष अदालत ने वैशाली जिले के लालगंज के पूर्व मार्केटिंग अधिकारी भोला गिरी और उनकी पत्नी संध्या गिरी की चल–अचल संपत्ति

जब्त करने का निर्देश दिया है। विशेष न्यायाधीश ब्रजेश कुमार पाठक ने आरोपियों को एक महीने के अंदर अपनी संपत्ति पटना के जिलाधिकारी को सौंपने को कहा। ऐसा नहीं करने पर जिलाधिकारी को सरकार के पक्ष में संपत्ति जब्त करने के निर्देश दिये गये। भोला गिरी पर अपने पद का दुरूपयोग करते हुए सत्तासी लाख रूपये की संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। इनके खिलाफ आठ वर्ष पूर्व निगरानी जांच ब्यूरो ने मामला दर्ज किया था।

---

प्रदेश में अबतक सामान्य से पैंतीस प्रतिशत कम बारिश हुयी है। मॉनसून के कमजोर पड़ने के कारण पिछले पंद्रह दिनों से राज्य में बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। इसका सीधा असर धान सहित अन्य खरीफ फसलों की खेती पर हुआ है। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि कई जिलों में सुखाड़ की स्थिति बन रही है। किसान बोरिंग के माध्यम से सिंचाई कर खेती में जुटे हैं। इस बीच, मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना की वैज्ञानिक ने बताया कि राज्य में अभी भी मॉनसून के सक्रिय होने की अनुकूल स्थितियां नहीं बनी है। अगले तीन दिनों के दौरान स्थानीय कारकों के प्रभाव से राज्य के दक्षिण–मध्य, दक्षिण–पश्चिम और उत्तर–पश्चिम भागों में कई स्थानों पर मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

–––बाईट–––

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से नियोजित शिक्षकों के लिए सक्षमता परीक्षा के दूसरे चरण का आयोजन तेईस अगस्त को किया जाएगा। यह परीक्षा कम्प्यूटर आधारित होगी। समिति ने कहा है कि अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र बाद में जारी किया जाएगा। इधर, सक्षमता परीक्षा के पहले चरण में उत्तीर्ण शिक्षकों की काउंसलिंग की प्रक्रिया एक अगस्त से शुरू होगी।

---

रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए आज से पटना से राजगीर और पटना से किऊल के बीच फास्ट पैंसेजर स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरू कर दिया है। इन दोनों ट्रेनों का परिचालन तीस सितम्बर तक किया जाएगा।

---

प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में पिछले चौबीस घंटों के दौरान डूबने की घटनाओं में तीन बच्चियों समेत आठ लोगों की मौत हो गई। मृतकों में जमुई और खगड़िया के दो–दो जबकि लखीसराय, अररिया, भागलपुर और सहरसा जिले का एक–एक व्यक्ति शामिल है।

---

बेतिया की एससीएसटी विशेष अदालत ने एक महिला के साथ दुष्कर्म कर हत्या करने के मामले में दो दोषियों हीरामन राम और कलामुद्दीन को उम्र कैद की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर अर्थदंड भी लगाया गया है।

---

पटना की एक अदालत ने नौकरी का झांसा देकर एक युवती से दुष्कर्म करने के आरोप में सुपौल के सिमराही बाजार निवासी वीरेन्द्र कुमार को बारह वर्ष कारावास की सजा सुनाई है।

---

सीमा शुल्क के अधिकारियों ने मधुबनी में भारत–नेपाल सीमा पर ट्रक सहित चालीस लाख रूपये मूल्य का चाईनीज लहसुन जब्त किया है। लहसुन की यह खेप मधुबनी के रास्ते दिल्ली ले जाई जा रही थी।

---

अररिया जिले के सिकटी थाना क्षेत्र से पुलिस ने भारी मात्रा में शराब के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

पटना के बाईपास थाना क्षेत्र स्थित दो प्रिटिंग प्रेस में पुलिस ने छापेमारी कर एनसीईआरटी की नकली किताबें जब्त की हैं। प्रेस को सील कर पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

---

बेगूसराय जिले के बाल सुधार गृह से बीते रविवार आधी रात को ताला तोड़कर फरार हुए पांच बच्चों को पुलिस ने बरामद कर लिया है। इन बच्चों को बाल सुधार गृह के निदेशक को सुरक्षित सौंप दिया गया है।

---

सारण जिले के सहाजीतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मोती–छपरा गांव के पास कांवरियों से भरा एक चार पहिया वाहन पेड़ से टकरा गया। हादसे में तेरह लोग घायल हो गये। इन में से तीन की स्थिति गंभीर बतायी जाती है।

---

सुपौल के किशनपुर प्रखंड के मलाढ़ स्थित एक निजी आवासीय विद्यालय में विषाक्त भोजन खाने से सत्ताईस बच्चे बीमार हो गये। गंभीर रूप से बीमार दस बच्चों को बेहतर इलाज के लिए सुपौल सदर अस्पातल में भर्ती कराया गया है, जबकि सत्रह बच्चों का इलाज किशनपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चल रहा है।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने बिहार में पैंसठ प्रतिशत आरक्षण पर रोक हटाने से सुप्रीम कोर्ट के इंकार से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** लिखता है– पैंसठ प्रतिशत आरक्षण पर रोक जारी। फैसले में फंसा एक लाख पैंतीस हजार पदों का रिजल्ट भी।

**हिन्दुस्तान** ने इसी खबर को प्रमुखता देते हुए लिखा है– सितम्बर में मामले पर विस्तार से होगी सुनवाई।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है – भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने ग्रहण किया पदभार। बोले– पद नहीं, दायित्व मिला।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है– मलाही पकड़ी से न्यू आईएसबीटी तक मेट्रो का ट्रायल रन विधानसभा चुनाव से पहले।

**राष्ट्रीय सहारा** लिखता है – समस्तीपुर में बिहार संपर्क क्रांति दो हिस्सों में बंटी।

**आज** अखबार की सुर्खी है – संसद में राहुल गांधी का छियालीस मिनट का भाषण, अडानी–अंबानी पर हंगामा।

**नव बिहार टाईम्स** ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के बयान को प्रमुखता देते हुए लिखा है– कोचिंग सेंटर पैसे छापने की मशीन।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में विकसित भारत की ओर यात्रा सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे।

02. दिल्ली में एक कोचिंग संस्थान में तीन छात्रों की मौत के बाद पटना जिले में संचालित कोचिंग संस्थानों की होगी जांच। जिला प्रशासन ने अनुमंडल पदाधिकारियों के नेतृत्व में छह समितियों का किया गठन।

03. भाजपा ने पश्चिम चंपारण के सांसद डॉ. संजय जायसवाल को लोकसभा में सत्तारूढ़ दल का मुख्य सचेतक बनाया। दरभंगा के सांसद गोपाल जी ठाकुर बनाए गए सचेतक।

04. और, प्रदेश में अब तक सामान्य से पैंतीस प्रतिशत कम बारिश। धान सहित अन्य खरीफ फसलों की खेती प्रभावित।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।